कार्यालय
क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना (म० प्र०)
Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr@rediffmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

प्रेस नोट

पन्ना टाईगर रिजर्व के बाघ पुर्नस्थापना के सफलत्तम प्रजनन का नया आयाम

बाघिन (टी–2) दो शावकों के साथ देखी गई

विगत 5 दिनों से कान्हा से लाई गई टी–2 बाघिन को दुबारा रेडियो कालर करने हेतु लगातार पन्ना टाईगर रिजर्व के वन क्षेत्र में प्रयास जारी थे, उन प्रयासों के तहत छान–बीन के समय बाघिन के दो शावक देखने को मिले। इन शावकों की उम्र लगभग 2–3 माह का होना आंका गया है। शावका को पन्ना टाईगर रिजर्व के महावत श्री पेंकरा, श्री झगडू एक्का एवं श्रमिक श्री रामचरन, श्री प्रताप और कान्हा से आये निर्मला एवं विजय बहादुर के महावत उजियार सिह मरावी एवं बलदेव के द्वारा टी–2 शावको के साथ सुबह 7:15 से 09:00 के बीच देखी गई। टी–2 बाघिन ने अपनी आवाजों के इशारे से शावकों को अपने पास बुलाया। मादा एवं शावक स्वस्थ है, तत्पश्चात मौके पर उपस्थित पन्ना टाईगर रिजर्व के उप संचालक श्री विक्रम सिंह परिहार एवं वन्य प्राणी चिकित्सक डा. संजीव गुप्ता एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान के डा. के. रमेश के द्वारा बाघिन को 9:00 से 9:20 बजे तक प्रत्यक्ष रूप से देखा एवं टी–2 बाघिन के द्वारा बच्चों को बुलाने की आवाजें भी सुनीं।

पूर्व में टी–1 बाघिन के सफलत्तम प्रजनन उपरांत अब टी–2 बाघिन के सफलत्तम प्रजनन पश्चात् पन्ना टाईगर रिजर्व में बाघ पुर्नस्थापना योजना में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की है, जो विश्व में पहली बार हैं यहाँ यह उल्लेखनीय है कि टी–2 का रेडियो कालर जुलाई 2009 से खराब है, इसके बावजूद भी पन्ना टाईगर रिजर्व की टीम ने अप्रत्यक्ष साक्ष्यों की मदद से इस बाघिन का अनुश्रवण कर सुरक्षा प्रदाय करने में अपनी कर्मठता का परिचय दिया है। बाघिन के शावकों की संख्या दो से अधिक होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

उप संचालक,
पन्ना टाईगर रिजर्व,पन्ना